यीडा में विकसित किया जाएगा डाटा सेंटर पार्क

राज्य मुख्यालय | **विशेष संवाददाता**

योगी सरकार यमुना एक्सप्रेसवे विकास प्राधिकरण (यीडा) के सेक्टर-28 में 200 एकड़ भूमि पर डाटा सेंटर पार्क विकसित करेगी। इस माह के अंत में उक्त डेटा सेंटर पार्क में निवेश करने संबंधी योजना की शुरुआत होगी। इसके जरिए 20 हजार करोड़ रुपये का निवेश होगा व हजारों लोगों को रोजगार मिलेगा।

बहुराष्ट्रीय कंपनी माइक्रोसॉफ्ट, अडानी ग्रुप और एमएक्यू जैसी कंपनियों ने नोएडा में डेटा सेंटर की स्थापना करने के लिए जमीन खरीदी है। इन तीनों ही कंपनियों के अलावा एचसीएल, गूगल और टीसीएस नोएडा में काम कर रही हैं। इसी तरह हीरानंदानी ग्रुप, नेटमैजिक सर्विस, एसटीटी प्राइवेट लिमिटेड और अग्रवाल एसोसिएट लिमिटेड भी डेटा सेंटर स्थापित करने के लिए निवेश योजनाएं बना रही हैं। मुख्यमंत्री योगी की पहल पर बनी इलेक्ट्रानिक्स विनिर्माण नीति -2017 के तहत तमाम रियायतें निवेशकों को दी जा रही हैं।